आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 21 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


## एनटीपीसी ने जरूरतमंद लोगों के बीच किया कंबल वितरण



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना के द्वारा भीषण व कड़ाके की ठंड एवं कुहासा के मौसम को देखते हुए परियोजना से प्रभावित पगार गांव में ग्रामीणों और जरूरतमंद लोगों के बिच सोमवार को कंबलों का वितरण किया गया। इस अभियान में 1,020 कंबलों का वितरण पगार गांव में रहने वाले परिवारों को किया गया। इस मौके पर मुखिया झरी लाल महतो मौजूद थे। जल्द ही चट्टी बरियातु परियोजना द्वारा सभी जरूरत ग्रामीण लोगों के बीच कंबल वितरण किया जायेगा। कंबल वितरण को लेकर सुबह से ही गावों में जरूरतमंदों की भीड़ लगने लगी थी यह कंबल वितरण का कार्य चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत आयोजित किया गया था। इस मौके पर परियोजना के उप महाप्रबंधक यतीश कुमार, बी नवीन कुमार और अशोक कुमार ने उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाया। यह वितरण समारोह चट्टी बरियातु द्वारा परियोजना प्रभावित गावों में वृद्ध व्यक्तियों और महिलाओं के लिए बहुत ही लाभकारी रहा है और आगे भविष्य में भी ऐसे वितरण समारोह एनटीपीसी चट्टी बरियातु परियोजना द्वारा स्थानिय लोगों कि सुविधा के लिए आयोजित किये जाते रहेगें।

## डीएवी में 34वें स्थापना दिवस के अवसर पर वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन





**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** डीएवी कोडरमा में 34वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अतिथियों का गैलेक्सी प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह, प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, डॉक्टर सीताराम मोदी, संजीवन परमार और श्रीमती परमार को वैदिक परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर और पुष्प गुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। इश्वर को स्मरण करते हुए हवन का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि, गणमान्य अतिथियों और दसवीं के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम, विद्यालय के प्राचार्य और सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर सरगम और समूह ने स्वागत गीत गाकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर गणेश वंदना नृत्य अंतरा और उनके समूह ने प्रस्तुत किया। ओम ध्वज गीत अनंया और उनके समूह द्वारा गाया गया। करिश्मा और उनके समूह ने वैदिक नृत्य कर समा बांध दी। क्षेत्रीय नृत्य सभ्यता और उनके समूह द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर वार्षिक परियोजना प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। प्राचार्य ने डीएवी स्कूल के गौरवशाली उपलब्धियों विभिन्न प्राचार्य और शिक्षक-शिक्षिकाओं के अहम योगदान को स्मरण किया। साथ ही उन्होंने आशा व्यक्त किया कि भविष्य में भी डीएवी अपनी परंपरा, प्रतिष्ठा और अनुशासन के द्वारा सफलता के शिखर को प्राप्त करेगा। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक कुमार सतीश सिंह ने किया। कार्यक्रम का समापन अपनी वैदिक परंपरा के अनुसार शांति पाठ के साथ हुआ।

## गर्ल्स हाइ स्कूल पहुंचे मांडू विधायक



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो सोमवार को विष्णुगढ़ बाजार टांड स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ पहुंचे। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा मांडू विधायक को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार ने विद्यालय में विभिन्न प्रकार के समस्याओं से अवगत कराया गया, इसके अलावा विद्यालय में सुख गया सीसम का पेड़ के बाबत कहा गया कि कभी भी गिर सकता है। जिससे अनहोनी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। पेड़ कटवाने के लिए वन विभाग को पत्र लिखकर दिया गया है, पर स्वीकृति नहीं मिलने से वृक्ष काटा नहीं जा रहा है। मौके पर उपस्थित मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने सभी समस्याओं को गौर से सुनने के बाद त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। कहा कि विद्यालय के सभी समस्याओं का निराकरण मेरे द्वारा कर दिया जायेगा। मौके पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मण्डल, भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार, राजदेव प्रसाद, मनोज कुमार, पवन कुमार, रविभूषण सिंह, मंजू कुमारी, शालिनी गुप्ता, शुभम प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## सीओ ने लुरूंगा के गंझु टोला में किया कंबल वितरण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में कपकपाती ठंड को देखते हुए बड़कागांव अंचल की ओर से प्रखंड के कई गांव के जरूरतमंद के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। इसी के तहत घर 16 पंचायत के लुरूंगा गांव स्थित गंझु टोला में अंचलाधिकारी मनोज कुमार, गरसुला पंचायत के मुखिया छक्कन बेदिया ने संयुक्त रूप से जरूरतमंद वृद्ध गरीब महिला पुरुष के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान 40 कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण को लेकर अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि प्रखंड आदिवासी समुदाय के बीच अब तक अंचल की ओर से 200 से अधिक कंबल का वितरण किया जा चुका है। लोगों को ठंड से बचने के लिए जरूरत के हिसाब से आगे और भी कंबल वितरण किया जायेगा। मौके पर हल्का कर्मचारी जितेंद्र दास नंदकिशोर राम के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन 24 जनवरी को

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी कोडरमा द्वारा संयुक्त रूप से 24 जनवरी दिन गुरुवार को ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसियेशन के 50 साल पूरे होने और एआइओसीडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेएस शिंदे के 75वां जन्मदिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन भारत के लगभग 788 जिले के साथ ही माहुरी धर्मशाला गौरी शंकर मुहल्ला झुमरीतिलैया में आयोजित की गयी है। उक्त जानकारी रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन अजीत वर्णवाल और केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसियेशन के सचिव किशोर मोदी ने दी है।

# हजारीबाग की सड़कों पर 2024 में 270 लोगों ने गंवायी जान

**अगस्त माह में सबसे अधिक 36, जबकि जून माह में सबसे कम 13 लोगों ने जान गंवायी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** केंद्र और राज्य सरकार संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाती रहती है। वहीं यातायात पुलिस भी सड़क सुरक्षा को लेकर चेकिंग करने के साथ चालान काटने के कार्य करती है। इसके बावजूद सड़क दुर्घटना में कमी नहीं आ रही है। हजारीबाग में पिछले एक साल में 270 लोगों की मौत सड़क दुर्घटना से हुई है। वही 174 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि 66 व्यक्ति सामान्य रूप से घायल हुए हैं। कुल मिलाकर 510 लोग सड़क दुर्घटना में प्रभावित हुए हैं। यह आंकड़ा यह बताता है कि हजारीबाग वासी सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है। यही कारण है कि 270 परिवार का चिराग बुझ गया। डीटीओ कार्यालय से प्राप्त आंकड़े इस और इशारा कर रहा है कि हजारीबाग में सड़क सुरक्षा नियम का पालन नहीं करने से जनवरी 2024 से दिसंबर 2024 तक 270 लोगों की मौत हुई है। सबसे अधिक मौत अगस्त महीने में हुई है जिनकी संख्या 36 है। जून महीना में सबसे कम 13 लोगों की मौत हुई है। सरकार की ओर से जनवरी महीने में सड़क जागरूकता अभियान चलाया जाता है, जिसका एक मात्र उद्देश्य है आम लोगों को सड़क जागरूकता को लेकर जागरूक करना है। जिला परिवहन पदाधिकारी बैद्यनाथ कामती बताते हैं कि जब एक व्यक्ति की मौत होती है तो इसका असर पूरे परिवार पर पड़ता है। कई ऐसी मौत हुई है जिसमें घर का इकलौता कमाओ व्यक्ति की मौत हो गयी। इसके बाद वह पूरा परिवार सड़क पर आ गया। उनका यह भी कहना है कि अधिकतर मौत का कारण सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करना और हेलमेट नहीं पहनना है। हर एक व्यक्ति को यह समझना चाहिए कि उसका जीवन उसके परिवार और देश के लिए महत्व रखता है। हर एक व्यक्ति से अपील है कि सड़क सुरक्षा नियम का पालन अवश्य करें ताकि आपका परिवार सुरक्षित रह सके।

# सरस्वती पूजा मनाने को लेकर हजारीबाग प्रेस क्लब की बैठक

**अध्यक्ष दीपक सिंह , सचिव सागर कुमार और कोषाध्यक्ष सीतेश तिवारी बने**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** सरस्वती पूजा मनाने को लेकर हजारीबाग प्रेस क्लब के सदस्यों ने प्रेस क्लब भवन में बैठक की। अध्यक्षता हजारीबाग प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुरारी सिंह ने किया, जबकि संचालन सचिव विस्मय अलंकार ने किया। बैठक के दौरान गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस और सरस्वती पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। सरस्वती पूजा के सफल संचालन के लिए कमिटी का भी गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें दीपक सिंह को समिति का अध्यक्ष, सागर कुमार को सचिव और सीतेश तिवारी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गयी।

मौके पर हजारीबाग प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष राजकुमार गिरी शानू, वरिष्ठ पत्रकार अर्जुन सोनी, गौरव प्रकाश, उमेश पांडे, भास्कर उपाध्याय, कुणाल सिंह, प्रदीप सिन्हा, अभिषेक पांडे, सुशांत सोनी, शशांक शेखर सिंह, पीयूष मिश्रा, रवि सिंह, रंजन चौधरी, सुमंत शाहा, अनुज सिन्हा, रूपांशु चौधरी, रवि शर्मा, अविरल बिहारी लाल, अनिल कुमार, भावेश मिश्रा, उमेश चौबे, एजाज आलम, भाव्या कुमारी समेत कई पत्रकार उपस्थित थे।

## नेत्र परीक्षण और मोतियाबिंद जांच शिविर आज



**जयनगर(आजाद सिपाही)। प्रखंड में दामोदर घाटी निगम नैगम समाजिक दायित्व और डीवीसी डिस्पेंसरी, तिलैया जल विद्युत केंद्र द्वारा आयोजित नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद जांच शिविर 21 जनवरी 2025 को लेडिज क्लब डीवीसी तिलैया डैम में होगा। जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान डीवीसी मनोज कुमार ठाकुर होंगे। इस आशय की जानकारी सहायक प्रबंधक सीएसआर कुलदीप राम ने दिया।**

# एलआइसी मंडल कार्यालय में मनाया गया 70वां जीवन बीमा व्यवसाय राष्ट्रीयकरण दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** 70वें जीवन बीमा व्यवसाय राष्ट्रीयकरण दिवस भारतीय जीवन बीमा निगम के मंडल कार्यालय में मनाया गया। इस अवसर पर कर्मचारी संघ के महामंत्री जगदीश चंद्र मित्तल ने एक प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि 19 जनवरी 1956 को ही जीवन बीमा व्यवसाय के राष्ट्रीयकरण की दिशा में पहला कदम उठाया गया था । 1956 से ही एलआइसी राष्ट्र निर्माण गतिविधियों के लिए भारी निवेश प्रदान करके भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अपने 100 करोड़ के पूंजी आधार पर, एलआइसी ने अब तक भारत सरकार को लाभांश के रूप में 31,000 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया है और हर साल भारतीय राजकोष को आयकर, जीएसटी आदि के माध्यम से लगभग 10,000 करोड़ रुपये भुगतान कर रही है। यह गर्व की बात है कि एलआइसी सभी 25 निजी बीमा कंपनियों द्वारा निपटाये गये दावों की तुलना में लगभग 6 गुना अधिक मृत्यु दावों का निपटारा करती है। उन्होंने बताया कि 24 वर्षों से अधिक समय तक 23 निजी कंपनियों के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करने के बाद भी एलआइसी 70% बाजार हिस्सेदारी के साथ आगे बढ़ रही है। सरकार संसद के बजट सत्र में बीमा कानून संशोधन विधेयक 2024 लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। प्रस्तावित प्रमुख सुधारों में एफडीआई को बढ़ाकर 100 प्रतिशत करना, कम्पोजिट लाइसेंस जारी करना, पूंजी को कम करना और एजेंट को एक कंपनी से अधिक की पॉलिसी बेचने की अनुमति देना आदि शामिल हैं। ये सुधार बीमा उद्योग को धोखाधड़ी के 1956 से पहले के दिनों में वापस ले जाने का खतरा पैदा करते हैं जिसका विरोध किया जाना चाहिए।

2047 तक सभी के लिए बीमा के लक्ष्य को प्राप्त करने के नाम पर, आइआरडीएआइ प्रतिगामी प्रस्ताव ला रहा है जिसका उद्योग पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। गारंटीड सरेंडर वैल्यू जिसके कारण एजेंट के कमीशन का पुनर्गठन हुआ, वह विशाल एजेंसी बल और उद्योग के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा ये सभी गलत प्रस्ताव न केवल उद्योग और उसके कार्यबल के हितों के लिए हानिकारक हैं। हमारे संगठन ने इन प्रस्तावों का तीव्र अभियान चलाकर विरोध करने का फैसला किया है और अगर सरकार अपने संसदीय बहुमत का उपयोग करके इन प्रतिगामी संशोधनों को आगे बढ़ती है तो हड़ताल के माध्यम से विरोध दर्ज कराया जायेगा। इस अवसर पर संयुक्त सचिव सुमित सिन्हा, सांगठनिक सचिव मदन कुमार पाठक, सहायक सचिव शंकर कुमार, सह कोषाध्यक्ष ऋतुराज सहाय, मंडल कार्यालय के शाखा सचिव विवेक सहाय, सीएबी कार्यालय के शाखा सचिव सुदर्शन सिंह भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य रूप से दुर्गा सिंह, निरंजन यादव, रविंद्र कुमार, राजेंद्र पासवान, बबन कुमार इत्यादि शामिल थे।

# राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन 2025 के सफल क्रियान्वयन को लेकर सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में सोमवार को सभी प्रशिक्षकों जिसमें जिले के प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से दो चिकित्सा पदाधिकारी, सभी सीएचओ बीटीटी का एक दिवसीय प्रशिक्षण सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। वहीं प्रशिक्षक के रूप में सहयोगी संस्था पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह और जिला भीबीडी कार्यालय के शंभू कुमार संयुक्त रूप से उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को एमडीए आइडीए कार्यक्रम से संबंधित प्रशिक्षण दिये। वहीं उन्होंने बताया कि सभी सीएचसी अंतर्गत इसकी पूर्ण तैयारी सुनिश्चित किया जाना है, इसमें माइक्रो प्लान, बूथ प्लान, हाउस टू हाउस सर्वे प्लान, ड्रग सुपरवाइजर प्लान इत्यादि। जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार ने बताया कि एमडीए आइडीए कार्यक्रम दिनांक 10 फरवरी से 25 फरवरी तक क्रियान्वित किया जाना है, इसमें उम्र के हिसाब से सभी व्यक्तियों को दवा खिलाई जायेगी।

उन्होंने बताया कि दवा सेवन से ही फाइलेरिया से बचा जा सकता है याद रखें दवा सेवन से वंचित व्यक्तियों को फाइलेरिया की बीमारी हो सकती है, इसलिए कार्यक्रम के दौरान जिले में दो साल से उपर के व्यक्ति को फाइलेरिया से बचने के लिए डीइसी, अल्बेंडाजॉल और आइभर मेक्टिन का सेवन करना अनिवार्य है। सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने बैठक में उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों को जनता के साथ और उनके सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाने और जन भागीदारी से फाइलेरिया को खत्म करने की अपील की। मौके पर विवेकानंद शर्मा, सुनील कुमार पंडित, शंकर कुमार, ललन कुमार राणा, पंकज कुमार, नीरज कुमार समेत सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## दारू में आज लगेगा प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला

**दारू/हजारीबाग(आजाद सिपाही) दारू प्रखंड में आज प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जायेगा। यह मेला प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) दारू में होगा, जहां स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर आधारित स्टॉल लगाए जायेंगे। इन स्टॉल्स पर स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श और उपचार की मुफ्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमरेश कुमार ने बताया कि इस मेले में आयुष्मान भारत योजना, टीकाकरण, मातृ और शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी जायेगी। इसमें आंखों की जांच, दांतों का उपचार और दवाइयां उपलब्ध कराई जायेंगी। कैंसर से संबंधित रोगियों को विशेषज्ञों द्वारा परामर्श दिया जायेगा, ताकि समय रहते रोग का निदान किया जा सके। मेला के माध्यम से लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाकर अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो सकें।**

## खड़े हाइवा से टकरा कर मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के बादम रॉड नेरा पेट्रोल पंप के पास बीती रात लगभग 7:30 बजे खड़ी दो हाईवे में बादम की ओर से आ रहे मोटरसाइकिल चलक जा टकराया। जिससे मोटरसाइकिल चालक को माथे में चोट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गये हैं स्थानीय ग्रामीण और प्रशासन के सहयोग से एंबुलेंस को बुलाकर समुदाय स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव भेजा गया । घायल की पहचान शिवाडीह निवासी सुखी महतो पिता दीपेंद्र महतो के रूप में हुई है, जो मोटरसाइकिल चालक थे। बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक को सूचना देने के बाद एसआइ आशीष भगत पुलिस दल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य का नेतृत्व किया। वही मोटरसाइकिल टकराने के बाद हाईवे चालक गाड़ी लेकर फरार हुए।

## उच्च विद्यालय झरपो में बाल सभा का आयोजन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के झरपो उच्च विद्यालय में बाल सभा का आयोजन मुखिया शिबू प्रसाद सोनी के अध्यक्षता में किया गया। बाल सभा में विद्यालय के शिक्षक और छात्र-छात्राएं शामिल हुआ। बाल सभा में मुख्य रूप से दो प्रस्ताव लिया गया जिस में सबकी योजना सबका विकास अभियान अंतर्गत एलएसडीजी के 9 विषयों के बारे में पढ़कर बताया और समझाया गया और सभी सर्वसम्मिति से थीम नम्बर 6 आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा वाला गांव का चयन किया गया। इसी कार्य पर विकास करने पर जोर दिया गया। सभा में पंचायत सेवक गुड़िया रानी, विद्यालय के शिक्षक, छात्राएं उपस्थित थीं।

## ढिबरा का अवैध खनन करते जेसीबी वाहन को किया गया जब्त



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचांच वन प्रक्षेत्र में वन विभाग की टीम के द्वारा रेंजर रविंद्र कुमार के नेतृत्व में महकुंडी वन सीमा पर ढिबरा का अवैध रूप से खनन करते एक जेसीबी वाहन को जब्त किया है। जेसीबी वाहन धीरज दास पिता मनोज दास और मुकेश कुमार पिता कार्तिक मेहता डोमचांच के नावाडीह निवासी का बताया गया है। महकुंडी वन सीमा पर ढिबरा का खनन अनिल दास नावाडीह निवासी के द्वारा कराए जाने की बात सामने आई है। वन विभाग कोडरमा से मिली जानकारी के अनुसार मामले में जेसीबी वाहन को जब्त कर, वन अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अंधेरे का लाभ देखते हुए चालक फरार हो गया। इस मौके पर प्रभारी वनपाल ललन किशोर, वनरक्षी अभिमन्यु कुमार, इस्लाम अंसारी, रविकांत यादव, अनिल कुमार साव, राजेश कुमार शर्मा, सुनील कुमार दास समेत अन्य वनरक्षी मौजूद थे।

## कुलपति पवन कुमार पोद्दार ने दिया शिक्षकों की कमी और डिजिटल शिक्षा पर विशेष सुझाव



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** जगन्नाथ जैन महाविद्यालय में विनोवा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के कुलपति पवन कुमार पोद्दार ने कहा कि कोडरमा हजारीबाग, गिरिडीह, रामगढ और चतरा के सभी कॉलेज प्राचार्य से आग्रह किया कि सभी छात्रों का रक्त समूह डेटा तैयार किया जाये ताकि किसी को रक्त की जरूरत पड़ने पर सहायता मिल सके। कुलपति ने शिक्षकों की कमी का जिक्र करते हुए कहा कि इसकी पूर्ति के लिए डिजिटल माध्यमों का सहारा लिया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि डिजिटल बोर्ड लगाकर जहां शिक्षक उपलब्ध हैं, वहां से दूरस्थ कॉलेजों में ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जायें। इससे कॉलेजों में शिक्षकों की कमी को दूर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया बेस्ट प्रैक्टिसेस के अंतर्गत आएगी, जो एनएएसी मान्यता के लिए लाभकारी साबित होगी। यह पहल अन्य विश्वविद्यालयों से अलग और नवीन होगी। पोद्दार ने कहा कि शोध और शिक्षा को गुणवत्ता आधारित बनाने की आवश्यकता है। नाममात्र की पढ़ाई का कोई अर्थ नहीं है। उन्होंने कहा कि नयी शिक्षा नीति का उद्देश्य छात्रों का समग्र विकास करना है, जिसमें खेल, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और शारीरिक विकास पर ध्यान दिया गया है। उन्होंने बताया कि 24 जनवरी को विश्व गुरु मलखम योगा का प्रदर्शन करेंगे। यह नयी शिक्षा नीति के तहत छात्रों के समग्र विकास को प्रदर्शित करने का एक प्रयास है। कुलपति ने जेजे कॉलेज की संबद्धता के मुद्दे पर कहा कि कॉलेज का जुड़ाव गिरिडीह विश्वविद्यालय से हो रहा है, जबकि स्थानीय जनप्रतिनिधियों को विनोबा भावे विश्वविद्यालय से सुविधा का तर्क सरकार के समक्ष रखना चाहिए। कुलपति ने कहा कि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और आवश्यकता आधारित शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी। उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में प्राचार्यों की बैठक में इस विषय पर चर्चा की गयी है और गुणवत्ता शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रयास जारी हैं।

## ग्रिजली विद्यालय में कैरियर काउंसिलिंग का हुआ आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के सभागार मे एक कैरियर कांऊसलिंग का आयोजन किया गया। मौके पर इंजीनियरिंग मे कैरियर विषय पर बोलते हुए रिसोर्स पर्सन आमोल लोहानी एसोसियट ड्राइरेक्टर मोडर्ना, बोस्टन, यूएसए ने वर्ग एकादश के छात्रों को सम्बोधित करते हुए आइआइटी जेइइ की प्रवेश परीक्षा मे सफलता के लिए छात्रो को कई टिप्स दिये। उन्होंने बताया कि कांसेप्ट को समझना, समय-प्रबंधन, लक्ष्य के प्रति सम्पर्ण सफलता की अनिवार्य शर्त है। सीएटी, एनएमएटी, एमबीए की प्रवेश परीक्षा के लिए भी उन्होने छात्रों को बहुमूल्य सुझाव दिये। मौके पर शीतल कुमारी, सेजल सिन्हा, प्रिंस कुमार द्वारा पूछे प्रश्नों का उन्होंने उत्तर भी दिये। विद्यालय के सीइओ प्रकाश गुप्ता और प्राचार्या अंजना कुमारी ने बताया कि ऐसे आयोजन से छात्रों को लक्ष्य की प्राप्ति में प्रचुर लाभ मिलेगा। कार्यक्रम की सफलता में स्टूडेंट सर्विस सेल के प्रभारी सुधांशु कुमार, आलोक कुमार की भूमिका सराहनीय रही।

## भाजपा के हर कार्यकर्ता की एक सोच लोगों की सेवा करना : सचिन कुमार



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सोमवार को एक कार्यकर्ता ने नंदकिशोर तिवारी को एक यूनिट ब्लड ऋतिक मेहता ने दिया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने जरूरतमंदों व्यक्ति को हर समय हर संभव प्रयास करने की कोशिश और पहल करते आ रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता हर समय लोगों की सेवा की है। आये दिन सफाई अभियान, ब्लड डोनेशन, और विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य में जुड़े हुए रहते हैं। ऋतिक मेहता ने कहा कि आज मुझे बहुत अच्छा लग रहा है कि मैं किसी को मदद किया और आने वाले समय में मैं हमेशा लोगों की मदद करूंगा। मौके पर उपस्थित शशि प्रकाश तिवारी, अजय तिवारी, मिथिलेश कुमार दुबे, नीलकमल तिवारी लोग उपस्थित थे।

## कार और ऑटो की टक्कर में आधा दर्जन लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू / लोहरदगा।** कुडू - लोहरदगा मुख्य पथ एनएच 143 ए कुडू ब्लॉक मोड़ स्थित कन्या मध्य विद्यालय टाकू के समीप आइटेन कार संख्या जेएच 08 सी 6163 और ऑटो जेएच 01 एडी 0179 की आमने सामने की भिड़ंत हो गयी। जिसमे टेंपो चालक थाना क्षेत्र के टाटी निवासी महिंदर लोहरा, पंडरा निवासी सरिता देवी, ननतिलो निवासी सरस्वती देवी पांकी थाना क्षेत्र के गनेशपुर निवासी सुरजदेव और रांची डोरंडा हाथीखाना निवासी असलम अंसारी घायल हो गये। जबकि कार में बैठे लोग पुरी तरह सुरक्षित हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गयी।





वहीं जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र कुडू में भर्ती कराया। जहां से टेंपो चालक महिंदर लोहरा को रिम्स रेफर कर दिया गया। महिंदर का दोनों पैर टुटने की सूचना है।

मिली जानकारी के अनुसार टेंपो लोहरदगा रेलवे स्टेशन से सवारी बैठाकर कुडू आ रहा था जबकि कार लोहरदगा की ओर जा रही थी। तभी कार अनियंत्रित होकर टेंपो को अपने चपेट में लेते हुए एक पेड़ से टकरा गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के फरखछे उड़ गये। पुलिस दोनों वाहन को अपने साथ थाना ले गयी है।

## कुकिंग प्रतियोगिता में लीला देवी बनी विजेता



**कैरो लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड राजकीय मध्य विद्यालय कैरो, उत्क्रमित उच्च विद्यालय नगजुआ, उत्क्रमित उच्च विद्यालय हनहट परिसर में सोमवार को संकुल स्तरीय रसोइया का कुंकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुंकिंग प्रतियोगिता में राजकीय कृत मध्य कैरो, उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय गराडीह, नगजुआ, हनहट, मध्य विधालय उतका, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बिराजपुर, गुड़ी,नयाटोली,जामुनटोली, नगड़ा बरवाटोली समेत अन्य विधायलो के रसोईया अपने अपने संकुल क्षेत्र में शामिल हुए और अंडाकड़ी, हलुआ,सब्जी, सलाद, चावल, खिचड़ी, दाल, लड्डू आदि एक से बढ़कर एक पकवान तैयार किये। कैरो संकुल में निर्णायक मंडली द्वारा सर्वसम्मति से राजकीय कृत मध्य विधालय के रसोइया लीला देवी को विजेता और राजकीय प्राथमिक विधालय उतका रसोइया सुगिया उरांव को उपविजेता के रूप में चयन किया कर प्रोत्साहित किया गया। मौके पर बीपीओ ओम प्रकाश रंजन, प्रधानाध्यापक मनीष खाखा, देवनंदन नायक आदि उपस्थित थे।

## झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत शाखा लोहरदगा की बैठक

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत शाखा लोहरदगा की बैठक शमसुल अंसारी की अगुवाई में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पांच सूत्री प्रस्ताव पारित कर लोहरदगा उपायुक्त से तत्काल कार्रवाई करने की मांग की गयी। पांच सूत्री मांगों में जनहित और राज्यहित में लोहरदगा जिला में चौकीदारी व्यवस्था बचाने, एसीपी/ एमएसी पी का लाभ देना, माह के प्रथम सप्ताह में वेतन भुगतान करने हेतु सभी अंचल पदाधिकारियों को सख्त निर्देश देना, थाना में 24 घंटा रख कर बैठ बेगारी, बैंक ड्यूटी, कैदी स्कॉट, डाक ड्यूटी, रोड गशती और पोस्टमार्टम ड्यूटी कराने वाले थाना प्रभारियों पर विभागीय कार्रवाई शुरू करना और वर्दी भत्ता देना शामिल है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने कहा कि झारखण्ड में सेवा विमुक्त, एवजी और अनुकंपा के आधार ( आवेदन देने की अवधि 5 वर्ष समाप्त नहीं हुई है) पर चौकीदार दफादारों के रिक्त पदों पर की गयी अवैध नियुक्ति तत्काल रद्द किया जाये। श्री सिंह ने सीएम हेमंत सोरेन से मांग की है कि झारखंड में चौकीदारी व्यवस्था बचाने के लिए झारखंड के जिन-जिन जिलों में चौकीदारों के रिक्त पदों पर विज्ञापन निकालकर अवैध नियुक्ति की गयी है उसको तत्काल रद्द करे और इसकी जांच झारखंड विधान सभा की समिति से करायें। बैठक में सचिव मिथिलेश यादव, बाबूलाल लोहार, रवि लोहार, अनोख लकड़ा, बर्तु उरांव, बरसा उरांव, अनिल कुजूर सहित अन्य शामिल थे।

## कोपे पंचायत सचिव पर ग्रामीणों ने लागाया घूस लेने का आरोप, कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनिका/ लातेहार।** कोपे पंचायत में पंचायत सचिव नागेश्वर रजक के द्वारा मनरेगा योजनाओं के सूची में साइन करने के लिए घूस की मांग की जाती है। पंचायत सचिव बिना घूस लिए एमआर में साइन नहीं करते हैं, ऐसा आरोप लगाते हुए कोपे पंचायत के आधा दर्जन ग्रामीणों ने पंचायत सचिव नागेश्वर रजक के ऊपर कार्रवाई करने के लिए बीडीओ संदीप कुमार को आवेदन दिया है। आवेदन में लिखा है कि रवीना वीवी पति अख्तर अंसारी, ग्राम जेरुआ निवासी के नाम से आम बागवानी है जिसका वर्क कोड 00328 है जिसका 24 दिसंबर से 30 दिसंबर तक का एमआर में पेमेंट हुआ था और 20 जनवरी को जब इसीबी योजना की सूची में हस्ताक्षर करवाने के लिए पंचायत सचिव के पास गये तो पंचायत सचिव नागेश्वर रजक के द्वारा आम बागवानी का पिछला बकाया 12 हजार 5 सौ रुपये देने का मांग किया गया। वहीं घुस नहीं देने का जब विरोध किया तो पंचायत सचिव के द्वारा गाली-गलौज किया गया। वहीं ग्रामीण रवीना वीवी और सरजू सिंह ने कहा कि पंचायत सचिव नागेश्वर रजक के द्वारा 12 हजार 5 सौ की मांग किया जाता है और अभी इसीबी योजना के एंट्री में 5 प्रतिशत की घूस की मांग की जा रही है। पैसे नहीं देने पर पंचायत सचिव के द्वारा एमआर में हस्ताक्षर नहीं किया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत सचिव बिचौलिये के माध्यम से पैसे की मांग करते हैं नहीं देने पर एमआर में साइन नहीं करते हैं जिससे लोगों को भटकना पड़ता है। वहीं उपस्थित ग्रामीणों ने पंचायत सचिव नागेश्वर रजक के ऊपर कार्रवाई करने की बीडीओ से मांग किया है।

इस संबंध में पंचायत सेवक से बात करने पर उन्होंने कहा कि ये मामला निराधार है।

## शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए कार्यशाला आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार जिले के सभी शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने एवं टोल फ्री के दिशा-निर्देशों के क्रियान्वयन हेतु स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार द्वारा सोशियो इकोनॉमिक एंड एजुकेशनल डेवलॉपमेंट सोसाइटी (सीड्स) के तकनीकी सहयोग से डाइट, लातेहार के सभागार में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार के आदेशानुसार किया गया। सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश कुमार ने कार्यशाला में उपस्थित सभी पदाधिकारीयों, प्राचार्यों, शिक्षकों एवं मीडियाकर्मियों का स्वागत किया तथा कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवन की आदत जनस्वास्थ्य के लिए एक बड़ी समस्या के रुप में वैश्विक स्तर पर उभर रहा है। अतः तंबाकू सेवन के दुष्परिणाम के प्रति अवयस्क और युवा वर्ग में जागरूकता फैलाना बहुत आवश्यक है। हम सब की जिम्मेदारी है कि अपने आनेवाले भविष्य की चिंता करते हुए युवाओं और अवयस्कों को तंबाकू की लत से दूर रखा जाये। उन्होंने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मार्गदर्शन में सोशिओ इकोनॉमिक एंड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी (सीड्स) झारखण्ड द्वारा तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान टोल फ्री के दिशा-निर्देशों के अनुरूप क्रियान्वयन हेतु साकारात्मक प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीड्स झारखंड के सहयोग से स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा राज्य के सभी शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित कराने हेतु लातेहार जिले में इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है एवं क्रमवार इस कार्यशाला का आयोजन राज्य के सभी जिलों में किया जायेगा।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होने के बाद हिसाब-किताब को लेकर बैठक



**कैरो (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा जिला अंतर्गत कैरो प्रखंड के खरता-हनहट दक्षिणी कोयल नदी तट स्थित मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर में पिछले 14 जनवरी को आयोजित मकर संक्रांति मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न होने के बाद कार्यक्रम का हिसाब-किताब को लेकर बैठक किया गया। जिसमें मेला कार्यक्रम में हुए आय-व्यय का व्योरा देने के बाद कार्यक्रम को सफल बनाने में शामिल समिति के सभी सदस्य, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ बिंदेश्वर उरांव, विशिष्ट अतिथि डॉ राकेश कुमार, थाना प्रसासन के सभी पदाधिकारियों, पुलिस के जवान सहित सभी जनप्रतिनिधियों, अतिथि, भक्त व मेला में उपस्थित दर्शकों को आयोजक समिति के अध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी ने बधाई देते हुए कहा कि आप सभी का सहयोग हमारे लिए बहुमूल्य होता है और इसी के सहारे कार्यक्रम सफल होता है और क्षेत्र में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान रखने वाला मंदिर व रमणीक स्थल के विकास में आने वाले समय सरकार द्वारा इस स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकास के लिए प्रयास किया जायेगा।

## पंचायत स्तर पर संचालित सभी योजनाओं को पूर्ण करें : बीडीओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में विकास योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बीडीओ संग्राम मुर्मू द्वारा पंचायत वार विकास योजना की समीक्षा किया गया। मनरेगा योजना के माध्यम से आम बागवानी, सिंचाई कूप निर्माण, 15 वें वित्त से नाली निर्माण सहित अन्य कार्यो का समीक्षा करते हुए अधूरा योजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी रोजगार सेवक पंचायत सेवक को निर्देश देते हुए कहा कि योजना को गति प्रदान कर सभी पुरानी योजनाओं को पूर्ण करा कर पंचायत स्तर पर कार्य करने के लिये नई योजनाओं का चयन करें। सभी पंचायत सचिव और जनसेवक योजनाओं का निरीक्षण करें। योजना को फाइल पर न रख योजनाओं को धरातल पर पूर्ण रूप से करायें तथा मनरेगा योजना में अधिक से अधिक मजदूरों को काम दें। मौके पर बीपीओ रघुनाथ मुंडा, सहायक अभियंता राजीव कुमार, कनीय अभियंता शिव शंकर भगत, डॉली तिर्की, आरती चेरकामो, गुहा उरांव सहित अन्य सभी पंचायत सचिव और जनसेवक उपस्थित थे।

## सेन्हा में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा अंचल क्षेत्र से अवैध बालू उठाव एवं परिवहन पर राज्य सरकार के आदेशानुसार रोक लगया गया है। उसके बावजूद अंचल क्षेत्र में अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन होने की सूचना आये दिन प्रशासन को मिल रहा है। वही सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार को अवैध बालू उठाव एवं परिवहन मामले की गुप्त सूचना मिलते ही थाना प्रभारी द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए छपेमारी अभियान चलाया गया। जिसके तहत बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर के एक ट्रैक्टर को जोगना मेढो पथ से जप्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखते हुए अग्रतर कारवाई हेतु अंचलाधिकारी के द्वारा खनन विभाग को अवगत कराया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए कहा कि सूचना सत्यापन के पश्चात ट्रैक्टर को जब्त कर संबंधित विभाग को अवगत कराया गया है। उन्होंने कहा विभागीय निर्देश के बाद अग्रतर कार्रवाई किया जायेगा।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का निरीक्षण




आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा का विद्या भारती योजनानुसार अंतर विद्यालय निरीक्षण किया गया। विद्यालय निरीक्षण सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुडू के प्रधानाचार्य रूपेश कुमार सिंह के द्वारा किया गया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय का शैक्षणिक कार्य, पेयजल की सुविधा, भैया बहनों की उपस्थिति व पढ़ाई, दैनिक कार्य, गृह कार्य गति विधि, अनुशासन और रहन सहन सहित अन्य चीजों निरीक्षण किया गया। वही विद्यालय के वंदना सभा में आचार्य आचार्या और भैया बहनों से परिचय प्राप्त कर भैया बहनों आशीर्वचन प्रदान किया गया। साथ ही भैया बहनों को सम्बोधित करते हुए कहा की छात्र जीवन में स्वयं का मूल्यांकन करना ही शिक्षा ग्रहण करने का मूल उद्देश्य है। भैया बहनों को पढ़ाई के साथ साथ शाररिक व मानसिक स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। सभी भैया बहन लक्ष्य निर्धारित कर ज्ञानार्जन करें साथ ही कहा की विद्यालय निरीक्षण से विद्यालय की विशेषता के साथ साथ कुछ कमियों को दूर करने का अवसर मिलता है। विद्यालय अवकाश के उपरांत आचार्य-आचार्याओं के साथ एक परिचयात्मक बैठक ली गयी। इस बीच महत्तवूर्ण सुझाव के रूप में स्वाध्याय करना, पाठ्य योजना के अनुरूप शिक्षण कार्य करना एवं भैया बहनों को गुणवतापूर्ण शिक्षा प्रदान निर्देश दिया गया। मौके पर प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी के अलावे प्रतिभा देवी, मीना देवी,मालती कुमारी, डोली कविता, संध्या कुमारी, रिंकी कुमारी, खुशी कुमारी, अंजनी कुमारी, सुभाषिनी देवी, जयप्रकाश सिंह, सुधीर उरांव सहित सभी आचार्य-आचार्या और भैया बहन उपस्थित थे।

## महिलाओं को कानूनी अधिकारों की दी जानकारी



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के बैनर तले जिला के कुरु प्रखंड स्थित जीमा ग्राम में महिलाओं को उनके कानूनी अधिकार के विषय में बताया गया जिसमें रिसोर्स के रूप में उपस्थित अधिवक्ता प्रवीण कुमार भारती ने कहा कि महिलाओं को उनके कानून में प्रदत्त अधिकारों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हिदू सक्सेसन एक्ट के तहत महिलाओं को पैतृक संपत्ति में पुरुषों के समान अधिकार है। विगत वर्ष जुलाई से लागू भारतीय न्याय संहिता सहित अन्य महत्वपूर्ण बदलाव आने से अब जल्द न्याय सुलभ हो पायेगा। अब महिला अपने अधिकारों के प्रति जागरूक भी हो रही हैं। जो अच्छा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार जिला के किसी भी पीड़ित शोषित वंचित महिला को त्वरित एवं सुलभ न्याय देने को तत्पर है।

## लोहरदगा में एसआइएस भर्ती शिविर 27 से

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया एवं टीवी सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड द्वारा लोहरदगा में दिनांक 27 जनवरी 2025 से 10 फरवरी 2025 तक एसआईएस भर्ती शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती शिविर में 750 सुरक्षा जवान 250 सुरक्षा सुपरवाइजर एवं 200 कैश कस्टडियन का चयन किया जायेगा। सभी चयनित उम्मीदवारों को सेंट्रल ट्रेनिंग एकेडमी गढ़वा में 1 माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जिसमें पीटी ड्रिल औद्योगिक सुरक्षा वीआईपी सुरक्षा प्राथमिक उपचार फायर फाइटिंग




सांकेतिक फोटो।

कंप्यूटर बैंक सिक्योरिटी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा इत्यादि का प्रशिक्षण प्रदान करके सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड में 5000 कार्य स्थलों पर नौकरी उपलब्ध करायी जायेगी। भर्ती अधिकारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि भर्ती होने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ सुरक्षा जवान की उम्र 19-40 वर्ष ऊंचाई 167.5 सेमी से ऊपर होना चाहिए। सुपरवाइजर के लिए उम्र 21 वर्ष से 37 वर्ष, ऊंचाई 170 सेमी एवं वजन 56 किलो अनिवार्य है। भर्ती अधिकारी ने बताया देश भर में अनेक प्रकार के पाठ्यक्रम का संचालन किया जाता है तथा सुरक्षा के क्षेत्र में बढ़ते प्रभाव को देखते हुए लोहरदगा जिला के युवकों को चयन करके उन्हें प्रशिक्षण एवं रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। लोहरदगा जिला के प्रखंड परिसरों में दिनांक 27-28 जनवरी किस्को प्रखंड परिसर, 29-30 पेशरार प्रखंड परिसर, 31 जनवरी केरो प्रखंड परिसर, 1-3 फरवरी भंडरा प्रखंड परिसर, 4-5 फरवरी सेन्हा प्रखंड परिसर, 6-7 फरवरी कुडू प्रखंड परिसर, 8-10 फरवरी लोहरदगा प्रखंड परिसर मे शारीरिक मापदंड एवं लिखित परीक्षा लिया जायेगा तथा उम्मीदवारों को प्रशिक्षण हेतु नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। प्रशिक्षण के उपरांत सभी जवानों को एसआइएस इंडिया लिमिटेड जो आइएसओ 2008 मानव विभाग में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही प्रशिक्षण के उपरांत उम्मीदवारों को एसआइएस के द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जायेगा।

## उदरंगी में मनाया विकास भारती बिशुनपुर का स्थापना दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड के उदरंगी पंचायत के उदरंगी गांव में सोमवार को विकास भारती बिशुनपुर के 42वां स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित की गयी। कार्यक्रम में विकास भारती के जिला समन्वयक देवेंद्र मण्डल ने कहा की किसान, युवा और महिलाएं स्वालंबन स्वरोजगार से कैसे जुड़े इस दिशा में संस्था द्वारा पिछले 42 वर्षो से कई प्रकार के कार्य किये जा रहे हैं और लोग इससे जुड़कर कार्य भी कर रहे हैं। स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय एवं उनके द्वारा राष्ट्र के युवाओं का कर्तव्य जीवन का लक्ष्य के प्रति विचारों से भी




उपस्थित युवाओं को अवगत करायें। गांव के युवाओं को कौशलयुक्त सह स्वालंबन ,शिक्षा स्वरोजगार के क्षेत्र में पीछे 42 वर्षो से लगातार संस्था कार्य कर रही है। इस कार्यक्रम में उदरंगी मुखिया परमेश्वर महली ने विकास भारती के कार्यों की सहराना करते कहा की शिक्षा, प्रशिक्षण ,स्वास्थ्य और कृषि के क्षेत्र में बहुत ही जनकल्याणकरी कार्य कर रहे हैं। उन्होंने ने कहा कि विकास भारती गांव के अंतिम व्यति का विकास कैसे हो इस सोच के साथ जब उग्रवादियों का प्रभाव था उस समय से कार्य कर रही है। और लोग उसका लाभ ले रहे हैं। कार्यक्रम मे विकास भारती से जुड़ कर बेहतर बागवानी करने वाले भैसमुंदो के 16 किसान, उदरंगी के 14 किसानो को शॉल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही क्षेत्र के 50 किसानों के बीच बैगन, कद्दू इत्यादि बीज वितरित की गई, कार्यक्रम मे ग्रामीणों को योग की विशेषता बताते हुई ग्रामीणों को योग का अभ्यास कराया गया। मौके पर देवेंद्र मंडल ने कहा कि योग निरोग रहने का साधन है। प्रति दिन योग कर ग्रामीणों पूरी तरह स्वास्थ्य रह सकते है। कार्यक्रम मे धन्यवाद ज्ञापन विकास भारती के लोहरदगा प्रखंड समन्वयक जयराम उरांव ने किया। इस मौके पर जिला समन्वयक देवेंद्र मंडल, मुखिया परमेश्वर महली, धनो उरांव, एतवा उरांव सहित दर्जनों किसान मौजूद थे।

## राज्य के वित्त मंत्री ने किया किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी का उद्घाटन

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था की वृद्धि में कृषि विभाग की भूमिका अहम : राधाकृष्ण

### कहा- मछली उत्पादन में वृद्धि व दूध उत्पादन में भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राज्य के वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सोमवार को शिवाजी मैदान में अयोजित जिला स्तरीय किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी 2025 का उद्घाटन किया। मौके पर डीडीसी शब्बीर अहमद, जिला पशुपालन, जिला कृषि पदाधिकारी एवं गव्य विकास पदाधिकारी, उद्यान पदाधिकारी सहित विभिन्न प्रखंडो से बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने कहा कि पलामू जैसे जिले में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की वृद्धि में कृषि विभाग की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि हमारे जिले में जब कम बारिश होती है तो सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इससे बचने की आवश्यकता है। कहा कि कम बारिश के बावजूद हम फसल उत्पादन को कैसे बढ़ा सके, इस योजना पर कार्य किये जाने चाहिये। उन्होंने वर्षा जल के संचयन करने पर बल दिया। कहा कि किसानों के आय में वृद्धि को लेकर अधिकाधिक प्रयास किये जाने चाहिये। वित्तमंत्री राधा कृष्णा किशोर ने मत्स्य पदाधिकारी से जिले में मछली उत्पादन की जानकारी लेते हुए इसके उत्पादन में बढ़ोतरी लाने की दिशा में कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि मछली उत्पादन में इस तरह की वृद्धि होने चाहिए जिससे पलामू से दूसरे जिले में मछली की आपूर्ति की जा सके। इसी क्रम में उन्होंने पशुपालन पदाधिकारी को दुधारू गाय के वितरण करते समय ग्रामीण क्षेत्र को प्राथमिकता दिए जाने की बात कही। कहा कि दूध के उत्पादन में बढ़ोतरी लाने को लेकर विशेष कार्य योजना तैयार किए जाने की आवश्यकता है, जिसमें पशुपालन विभाग की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए अधिकाधिक किसानों को लाभान्वित किये जाने की बात कही। कहा कि कृषि से जुड़ी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है। इस दौरान वित्तमंत्री ने किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी में जिला मत्स्य विभाग, जिला पशुपालन विभाग, जिला सहकारिता विभाग, जिला गव्य विकास विभाग, भूमि संरक्षण विभाग, उद्योग विभाग, योजना विभाग, स्वास्थ्य विभाग परियोजना निदेशक, आत्मा समेत अन्य विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का जायजा लिया। इसके अलावा मेला में आये किसानों को जिला कृषि पदाधिकारी ने कृषि विभाग के साथ ही अन्य संबंध विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को लेकर जागरूक किया गया।



किसान मेला सह पलस प्रदर्शनी का उद्घाटन करते राज्य के वित्तमंत्री व अन्य।

## जल्द हो सकता है लीज सरलीकरण : आनंद शंकर

कहा- वित्त मंत्री को पता है पलामू में खास महल लीज की समझ और पीड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने बताया कि मेदिनीनगर में जल्द लीज सरलीकरण का काम हो सकता है। इस संबंध में कुछ दिन पहले ही पलामू चेंबर के नेतृत्व में झारखंड चेंबर की एक एग्जीक्यूटिव बैठक डाल्टनगंज में कराई गई थी, जिसमें टाउन लीज नवीनीकरण का सरलीकरण कराने और लीज दर को पूर्व की भांती न्यूनतम करने पर सरकार से वार्ता करने की सहमति बनी थी। इस पर रांची लौटते ही झारखंड चेंबर की एक कमेटी राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से मिलकर खास महाल लीज की जटिलता को बताया जिस पर उन्होंने बताया था कि वे डालटेनगंज के ही रहने वाले हैं। इस बीमारी को वे जानते हैं। इसका इलाज जड़ से किया जाएगा। वित्तमंत्री ने बताया कि वे खुद पलामू चेंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर एवं पलामू सांसद वीडी राम के साथ लीज सरलीकरण करने के लिए मुख्यमंत्री एवं चीफ सेक्रेटरी से पूर्व में कई बार मिले थे, लेकिन आज तक स्थिति यथावत है। मैंने इस कार्य को प्राथमिकता में रखा है जल्द इसका निवारण होगा। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि राज्य के वित्तमंत्री को खास महाल लीज की पूरी गहराई से जानकारी है। वे अब वह खुद सरकार में हैं इसका निदान होना तय है।

## अभिनेता सोनू सूद ने पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर को किया सम्मानित

- ट्री मैन डॉ कौशल को अब तक देश-विदेश में मिल चुका है 68 अवार्ड
- डॉ कौशल व मुखिया पूनम ने सोनू सूद को दिया थाईलैंड प्रजाति के आम व कपूर का पौधा

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** रांची के होटल रेडिएशन ब्लू के सेंट्रल हॉल में आयोजित कार्यक्रम में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल और उनकी पत्नी सह पंचायत डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल को अभिनेता सोनू सूद ने प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। बतातें चलें कि इससे पहले भी उन्हें देश के कई हिस्सों और विदेशों में भी पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्यों के लिए 67 बार विभिन्न अवार्डों से सम्मानित किया जा चुका है। उक्त सम्मान इस वर्ष का दूसरा व जीवन का 68 वां अवार्ड है। इस दौरान सोनू सूद ने डॉ कौशल को मुंबई आने का भी आमंत्रण दिया। वहीं, ट्री मैन डॉ कौशल ने कहा कि पर्यावरण के दूसरा मूल मंत्र के अनुरूप अभिनेता सोनू सूद ने कोरोना काल में निजी खर्च से कई लोगों की जान बचा कर समाजसेवा की मिशाल कायम की है। डॉ कौशल ने कार्यक्रम का उद्घाटन कर लोगों को पर्यावरण धर्म, प्रकृति और प्रदूषण के बारे में कई रोचक जानकारियां दी। कहा कि सेवा कभी बेकार नहीं जाती है। पर दूर दृष्टि, कड़ी मेहनत व पक्का इरादे के साथ हर मानव को कार्य को करने का हौसला होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानवी भूलों के कारण धरती के कई जीव समाप्त हो गए और कई समाप्ति के कगार पर है। अकेले भारत में 1372 प्रजाति के पौधे असुरक्षित और अस्तित्व की संकट से जूझ रहे हैं। धरती पर रहने वाले जीवों की 37 फीसदी, पानी में रहने वाले जीवों की 47 फीसदी प्रजातियां और 11047 प्रकार के मछलियों पर विलुप्त होने की खतरा मंडरा रहा है। ऐसी हालात में आने वाले पीढ़ी को जवाब देने के लिए हमसभी के पास कोई शब्द नहीं है। मौके पर अविनाश देव, राहुल जायसवाल, रोहित जायसवाल, ज्योति जायसवाल, आकाश जायसवाल आदि शामिल थे।

## गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर चर्चा, समय का हुआ निर्धारण



**चैनपुर/पलामू (आजा सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने की। बैठक में पूरे प्रखंड क्षेत्र के सरकारी कार्यालयों सहित स्कूलों में झंडोतोलन को लेकर समय सारणी निर्धारित की गयी। तय समय के अनुसार प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सुबह 8.30 बजे, चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुबह 8.45 बजे, चैनपुर संकुल संसाधन में 9 बजे, व्यापार मंडल में 9.15 बजे, कृषि तकनीकी केंद्र में 9.30 बजे, पशुपालन विभाग में 9.40 बजे, वनों के क्षेत्र पदाधिकारी का कार्यालय में 10 बजे, थाना परिसर में 10.10 बजे, पुलिस निरीक्षक कार्यालय में 10.25 बजे, नेहरू युवा केंद्र परिसर में 10.35 बजे, बुनियादी विद्यालय परिसर में 10.50 बजे, सतगुरु उच्च विद्यालय परिसर में 11.05 बजे, पैक्स कार्यालय में 11.20 बजे, पलामू वरिष्ठ नागरिक परिसर में सुबह 11.30 बजे झंडोत्तोलन होगा। बैठक में बीडीओ प्रदीप कुमार दास, जेपीएस राधेश्याम राम, सीआई शशि कुमार, प्रखंड कोऑर्डिनेटर अमित चौबे, एमओ अभिषेक कुमार, फॉरेस्टर राकेश पाण्डेय, पशु चिकित्सा पदाधिकारी इंद्रजीत सिंह, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नंदकिशोर तिवारी आदि मौजूद थे।

## मनातू बीडीओ को दी गयी विदाई



**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** मनातू प्रखंड परिसर सभागार में समारोह आयोजित कर सोमवार को बीडीओ अनुज बांडों को विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख गीता देवी ने की। वहीं, अपने संबोधन में नए बीडीओ राज कुंवर सिंह ने कहा कि स्थानांतरण व सेवानिवृत्ति एक प्रक्रिया है। कभी भी अपने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं से घबराना नहीं चाहिए। जहां तक हो सके उनका कार्य करना चाहिए। वहीं, सीओ मदन कुमार सुमन ने कहा कि पदाधिकारियों का आना-जाना निरंतर लगा रहता है। पर कुछ पदाधिकारी ऐसे भी होते हैं जो अपने काम की बदौलत छाप छोड़ जाते हैं, जिसे लोग भूल नहीं पाते हैं। बहुत कम समय में ही अनुज सर ने जो शुरूआत की उसकी लोग प्रशंसा करते नहीं थक रहे हैं। दूसरी ओर, अनुज बांडों ने कहा कि अगर स्थानांतरण नहीं होती तो मैं यहां प्रखंड परिसर में ही रहकर क्षेत्र के विकास के साथ ही लोगों की समस्याओं को दूर करने का कार्य करता। इस अवसर पर बीपीओ रणधीर प्रकाश और कनिया अभियंता नवीन कुमार नीरज ने शॉल, सूटकेश और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया, जबकि नाजिर अमरेंद्र कुमार ने डायरी-कलम और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बीपीएम कुमारी नमार्ता समेत प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## धनबाद जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने का किया वादा

झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट ने नीति आयोग-एवीए की साझेदारी का किया समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण के इको सिस्टम को मजबूती देने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए केंद्र सरकार की नीति आयोग और एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (एवीए) ने देश के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण के साथ ही अगले एक साल में देश के 104 प्रखंडों के 15,000 गांवों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए हाथ मिलाया है। इस आशय के मंतव्य पत्र (एसओआई) पर नई दिल्ली में दस्तखत किए गए। नीति आयोग और एवीए की इस साझेदारी का स्वागत और समर्थन करते हुए झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट ने कहा कि इस कदम से उनकी कोशिशों को एक नई उर्जा और गति मिली है। वे धनबाद जिले को बाल मजदूरी, बाल विवाह, बच्चों की ट्रैफिकिंग और बाल यौन शोषण जैसे अपराधों से मुक्त कराने के प्रयासों में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। बतातें चलें कि एवीए और झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट दोनों ही बाल अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी हैं। दो वर्षीय एसओआई के तहत अगले दो सालों में देश के 73 जिलों के आकांक्षी प्रखंडों के इन गांवों के आर्थिक रूप से बेहद कमजोर उन परिवारों के बच्चे जो शोषण, उत्पीड़न, बाल मजदूरी या बाल विवाह दृष्टि से संवेदनशील हैं, के लिए सुरक्षित बाल ग्राम के रूप में एक सुरक्षा घेरा विकसित किया जाएगा। यह पहल 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) के साथ एकरूपता और तालमेल में है, जिसका लक्ष्य देश भर के 112 सबसे अविकसित जिलों में रूपांतरकारी बदलाव लाना है। इस पहल के साथ एकजुटता दिखाते हुए झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक प्रो शंकर रवानी ने कहा कि हम केंद्र सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर अमल करते हुए अपने जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिये सतत और अनथक प्रयास कर रहे हैं। एवीए और नीति आयोग की इस साझेदारी से हमारे प्रयासों को और बल मिलेगा। एवीए के साथ मिलकर हम जिले को बाल विवाह मुक्त बने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बाल विवाह और बच्चों की ट्रैफिकिंग की निगरानी और रोकथाम के लिए सभी लक्षित गांवों में पंचायत स्तर पर लोगों की आवाजाही और विवाहों के ब्योरे दर्ज करने के लिए रजिस्टर रखे जाएंगे। स्कूल नहीं जा पाने वाले बच्चों को शिक्षा और कौशल विकास के अवसरों से जोड़ा जाएगा, जबकि हाशिये के व्यक्तियों और परिवारों को सरकारी जनकल्याण योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के कार्यकारी निदेशक धनंजय टिंगल ने कहा कि आज समाज के सबसे कमजोर वर्गों के सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हम गर्व और कृतज्ञता महसूस कर रहे हैं। साझा प्रयासों से हमारा लक्ष्य 2025 के अंत तक इन प्रखंडों को बाल विवाह मुक्त बनाना और दूसरों के लिए एक मिशाल कायम करना है। सरकारी निकायों, समुदायों और नागरिक समाज संगठनों राज्य, जिला और प्रखंड जैसे हर स्तरों पर एकजुट होकर काम करने और साझा प्रयासों से सही मायनों में बच्चों की सुरक्षा का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। नीति आयोग जिला, ब्लॉक और गांव स्तर पर राज्य सरकारों, केंद्रीय मंत्रालयों और अन्य प्रमुख हितधारकों के साथ सहयोग करेगा, जबकि एवीए संवेदनशील परिवारों की पहचान करने, समय पर हस्तक्षेप के लिए जिला प्रशासन, राज्य सरकारों और केंद्रीय मंत्रालयों के साथ सहयोग से वास्तविक समय में कठिनाई का सामना कर रहे प्रत्येक बच्चे और परिवार को राहत की दिशा में प्रगति पर नजर रखने के लिए मजबूत डेटाबेस तैयार करने, चयनित जिलों/ब्लॉकों में बाल मजदूरी, बच्चों की ट्रैफिकिंग और बाल विवाह सहित बच्चों की शिक्षा और संरक्षण से जुड़े प्रमुख संकेतकों पर जिला प्रशासन के साथ मिलकर काम करेगा।

## अधौरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगे स्वास्थ्य मेला का एसडीओ व सीएस ने किया शुभारंभ



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत मोहम्मदगंज प्रखंड के अधौरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों ने भाग लिया। इस दौरान 610 मरीजों का निःशुल्क इलाज भी किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो, पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह, बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शशिभूषण, युवा प्रतिनिधि आरोग्य समिति नितीश सिंह, मुखिया विकास सिंह, युवा समाजसेवी आश्विनी कुमार सिंह, उप प्रमुख नगीना सिंह ने किया। स्वास्थ्य मेले में टीवी, मलेरिया, कुष्ठ, हड्डी, आंख, गर्भवती, कैंसर नियंत्रण, आयुष्मान कार्ड, ओरल कैंसर, आयोडिन, सामान्य चिकित्सा, दंत चिकित्सा आदि विभागो का कैंप लगाया गया। इसमें सभी विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टर, सीएचओ, एएनएम, अंचल निरीक्षक मुकेश कुमार और बीएओ नौशाद आलम आदि उपस्थित थे।

## देवी प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ को लेकर किया गया ध्वज स्थापित

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पोलडीह जगदीश पुर गांव में देवी प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय शतचंडी महायज्ञ को लेकर सोमवार को ध्वज स्थापित किया गया। इसके पहले यज्ञाचार्य धर्मराज पांडेय ने नव निर्मित देवी मंदिर स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत ध्वज पूजन किया। इसके बाद ध्वज के साथ यज्ञाचार्य के नेतृत्व में ढोल-बाजे के साथ ग्रामीणों ने गांव भ्रमण किया। गांव के ही शिव मंदिर व हनुमान मंदिर पहुंच कर पूजा करने के बाद पुनः देवी मंदिर पहुंचे। जहां यज्ञाचार्य ने विधिवत ध्वज स्थापित किया। संस्था से जुड़े लोगों ने बताया कि महायज्ञ को लेकर 16 फरवरी को भव्य जलयात्रा, 17 को अग्नि प्रवेश, 18 को अधिवास, 19 को नगर भ्रमण, 20 को प्राण प्रतिष्ठा, 21 को हवन व महाभंडारा के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। इस दौरान 16 फरवरी से प्रयागराज के पंडित मनोज कृष्ण महाराज जी द्वारा संगीतमय प्रवचन दी जाएगी। महायज्ञ समिति के लोगों ने सभी धमार्नुरागी बंधुओ से महायज्ञ में शामिल होकर तन-मन-धन से सहयोग कर पुण्य की भागी बनने की अपील की है।

## स्पोर्ट्स



अंडर-19 विमेंस वर्ल्डकप के तीसरे दिन सोमवार को अफ्रीकी देश नाइजीरिया ने न्यूजीलैंड को दो रन से हरा दिया। वहीं, दक्षिण अफ्रिका के किलाफ सओना की टीम महज 16 रन पर ऑल आउट हो गयी।

# अंडर-19 वीमेंस वर्ल्ड कप में नाइजीरिया ने न्यूजीलैंड को हराया, समोआ की टीम 16 रन पर हुई ऑलआउट



**मलेशिया (एजेंसी)।** अंडर-19 विमेंस वर्ल्ड कप के तीसरे दिन सोमवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला। अफ्रीकी देश नाइजीरिया ने टेस्ट प्लेइंग नेशन न्यूजीलैंड को दो रन से ग्रुप स्टेज का मैच हरा दिया। बारिश के कारण 13-13 ओवर का मैच खेला गया। नाइजीरिया ने 65 रन बनाए, जवाब में व्हाइटफर्न्स टीम 63 रन ही बना पाई। बतातें चलें कि मलेशिया में 18 जनवरी से टूर्नामेंट शुरू हुआ है। सोमवार को वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज के 6 मैच खेले गए। जिसमें कुचिंग में न्यूजीलैंड को हार का सामना करना पड़ा। वहीं दिन के अन्य मुकाबले में समोआ की टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ 16 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। बतातें चलें कि कुचिंग के स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंजबाजी चुनी। बारिश के कारण मुकाबला 13-13 ओवर का किया गया। नाइजीरिया की बैटिंग बेहद खराब रही और टीम 6 विकेट खोकर 65 रन ही बना सकी। टीम से लिलियन उदेह ने 18 और कप्तान लकी पीटी ने 19 रन बनाए। जबकि नाइजीरिया से छह बल्लेबाज 10 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सकीं। न्यूजीलैंड से अनिका तौव्हेयर, हैना ओ'कोनोर, अनिका टोड, ताश वेकलिन और हैना फ्रांसिस ने 1-1 विकेट लिया। एक बैटर रनआउट भी हुईं। इसके बाद 66 रन के ललक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड विमेंस की शुरूआत भी खराब रही। एमा मैक्लिओड 3 और कैट इरविन खाता खोले बगैर आउट हो गईं। टीम ने 7 रन के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए। यहां से इव वोलैंड ने 14 और अनिका टोड ने 19 रन बनाकर टीम का स्कोर 50 के करीब पहुंचाया । कप्तान ताश वेकलिन एक छोर पर टिक गईं। वे टीम को जीत की ओर ले जाने लगीं, लेकिन उनके सामने डार्सी प्रसाद खाता खोले बगैर आउट हो गईं। उन्हें फिर अयान लम्बाट का साथ मिला, जिन्होंने 7 गेंद पर 6 रन बनाए। न्यूजीलैंड को जीतने के लिए आखिरी ओवर में 9 रन की जरूरत थी। कप्तान ताश वेकलिन 18 रन पर खेल रही थीं। आखिरी बॉल पर 5 रन चाहिए थे, लम्बाट ने बड़ा शॉट खेला और रन लेने के लिए दौड़ पड़ीं। दोनों प्लेयर्स 2 ही रन दौड़ पाईं और तीसरा रन लेने की कोशिश में रनआउट हो गईं।

### जीत के लिए ऑस्ट्रेलिया को करना पड़ा इंतजार

सोमवार को पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को बांग्लादेश के खिलाफ जीत के लिए आखिरी ओवर तक इंतजार करना पड़ा। बांगी में बांग्लादेश ने पहले बैटिंग करते हुए 9 विकेट खोकर 91 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 50 रन तक 1 ही विकेट गंवाया था, लेकिन 86 रन तक पहुंचते-पहुंचते टीम ने 8 विकेट गंवा दिए। ऑस्ट्रेलिया को आखिरी 2 ओवर में 5 रन के लिए भी संघर्ष करना पड़ा।

## अजाप्टा ने की क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी से मुलाकात

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अजाप्टा प्रखंड सचिव निर्मल कुमार, वरीय शिक्षक अंगद प्रसाद व शंकर पासवान ने सोमवार को क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कौलेश्वर दास से मुलाकात की और उन्हें बहुआयामी व्यक्तित्व के शिक्षक अंगद प्रसाद द्वारा स्वरचित पुस्तक भेंट की। इस दौरान क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी ने जनवरी महीने में नियुक्ति तिथि अंतर्गत आने वाले शिक्षकों का वार्षिक वेतनवृद्धि एवं सत्यापित किया। विदित हो कि हुसैनाबाद अजाप्टा के अध्यक्ष जुबैर अंसारी व सचिव निर्मल कुमार शिक्षकों की छोटी-बड़ी समस्याओं को लेकर मुखर रहते हैं। प्रतिवर्ष जुलाई व जनवरी महीने में यह कार्य होता हैं।

